तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 19 नवंबर 2025

11 राजिम में कड़ाके की ठंड का कहर

12 एकलव्य मैनपुर के छात्रों ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता...




## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय रोजगार मेला गरियाबंद में 26 नवम्बर को

**गरियाबंद।** कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग एवं संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, छत्तीसगढ, रायपुर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन बुधवार 26 नवम्बर को वन विभाग के ऑक्शन हॉल, गरियाबंद में किया जाएगा। उक्त रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न सेक्टर जैसे- सुरक्षा गार्ड, महिला सुरक्षा गार्ड, सुपरवाईजर, मार्केटिंग सहायक सुपरवाईजर, सुरक्षा सुपरवाईजर, टेंडर, एजेंट, मार्केटिंग मैनेजर, श्रमिक, टेलीकॉलर, कम्प्युटर ऑपरेटर, फील्ड असिस्टेंट, फिल्ड ऑफिसर, कलेक्शन ऑफिसर, सेल्स एक्जुकेटिव, टीम मैनेजर, ग्राम पंचायत प्रोडक्ट एडवाईजर, जनरल ड्युटी असिस्टेंट महिला, स्पीच थेरेपिस्ट, व्यावसायिक प्रशिक्षक, केयर टेकर, रसोईया, आया, फायरमैन, फूड पैकेजिंग, ड्राईवर, एवं प्रशिक्षण हेतु वेल्डिंग, प्लबिंग, हाउसकीपिंग, फुड एण्ड बेवरेज, मल्टी फंगशनल ऑफिस एसोशिएट, ड्रायवाल फाल सिलिंग, ब्युटी एवं ऑटोमोटिव टू व्हीलर के कुल एक हजार 594 रिक्त पदों के लिए रोजगार मेला में भर्ती की जायेगी। रोजगार मेला में 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, एमबीए, पीजीडीसीए, डिप्लोमा सहित अन्य उत्तीर्ण आवेदक अपने दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता संबंधी अंकसूची, प्रमाण पत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति के साथ प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक उपस्थित होकर जिला स्तरीय रोजगार मेला का लाभ ले सकते है।

### मंडी एवं फ़ूड टीम की संयुक्त कार्रवाई, 2400 कट्टा अवैध धान जब्त

महासमुंद। धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर संबंधित अधिकारियों को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में धान खरीदी वर्ष 2025-26 में विशेष निगरानी एवं कार्रवाई के निर्देश के क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा नमिता मारकोले के मार्गदर्शन में आज मंडी विभाग एवं फ़ूड विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध धान तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की। टीम द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर कुल 2400 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया है। इस दौरान तहसीलदार नीतिन ठाकुर भी मौजूद रहे। अवैध भंडारण और परिवहन की शिकायत मिलने पर एसडीएम ने तुरंत छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के अंतर्गत टीम ने दबिश देकर कुल 2400 कट्टा धान को अपने कब्जे में लिया। जब्त किए गए धान की प्राथमिक जांच रिपोर्ट तैयार कर आगे की विधिक प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा सरकार की किसान हितैषी नीतियों और पारदर्शी खरीदी व्यवस्था को प्रभावित करने वाले किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन द्वारा जिले में इस प्रकार की निगरानी आगे भी सख्ती के साथ जारी रहेगी।

# तीन बच्चों की मौत के बाद जागा प्रशासन, राज्य स्तरीय डॉक्टरों की टीम पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत धनोरा में झोलाछाप डॉक्टर और अंधविश्वास के कारण एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत दो दिनों की भीतर हो गई। इस खबर को हरिभूमि ने 17 नवंबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया इसके बाद राज्य सरकार ने इस मामले को संज्ञान में लिया और आज राज्य स्तरीय डॉक्टरों की टीम ग्राम धनोरा पहुंच मामले का पड़ताल किया, मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत धनोरा निवासी डमरूधर नागेश के तीन मासूम बच्चों की मौत दो दिनों की भीतर हो गई डमरूधर नागेश सोयाबीनकछार क्षेत्र में किसी किसान के जमीन पर मक्का की फसल की तोड़ाई करने गया था इस दौरान उनके तीन बच्चे अनीता नागेश उम्र 8 साल एक टकेश्वर नागेश उम्र 6 साल एवं गोरेश्वर नागेश उम्र 4 साल की अचानक तबीयत खराब हो गई सभी सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित हो गए तो परिजनों ने बच्चों को अपने तरीका से इलाज प्रारंभ करवाया और झाड़ फूंक बैगा गुनिया से करवाने लगे जिससे एक बच्चे की मौत 14 नवंबर सुबह हो गई तो परिवार सदमे में आ गया और तत्काल एक बच्चे को झोलाछाप डॉक्टरों को दिखाने लग गए झोलाछाप डॉक्टर के इलाज के दौरान 15 नवंबर को 3:00 बजे रात में फिर एक बच्चे की मौत हो गई तीसरा बच्चा की एकदम ज्यादा तबीयत खराब होने ▶▶ शेष पेज 10 पर

## झोलाछाप डॉक्टर और अंधविश्वास ले डूबा



### राज्य स्तरीय डॉक्टरों की टीम पहुंची धनोरा

इस खबर को हमारे हरिभूमि अखबार में आज सोमवार को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया इसके बाद राज्य सरकार मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य स्तरीय डॉक्टरों की टीम ग्राम धनोरा भेजी है। आज सोमवार को दोपहर के बाद राज्य शिशु स्वास्थ्य टीकाकरण नोडल अधिकारी डॉक्टर पीआर भगत, जिला चिकित्सा अधिकारी गरियाबंद डॉक्टर यू आर नवरत्न, डॉ. लक्ष्मीकांत जांगड़े, डॉ. सुनील रेड्डी मैनपुर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डा गजेन्द्र ध्रुव के साथ डॉक्टरों की टीम ग्राम धनोरा पहुंची और मामले का पड़ताल किया साथ ही मृतक बच्चों के परिजनों से चर्चा किया एवं स्थानीय स्वास्थ्य अमला कर्मचारी एवं मितानिन तथा पंचायत प्रतिनिधियों से भी मामले की जानकारी लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया है।


बुखार से तीन दिन में एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत

## विकास कार्य ठप्प : गांव में नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाईट के कार्यों के लिए पंचायतों के पास पैसा नहीं

# पंचायतों को नहीं मिली 15वें वित्त आयोग की राशि सरपंच बोले- हम सिर्फ नाममात्र के रह गए हैं

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव सपन्न होने के बाद अब तक जिले की ग्राम पंचायतों को 15वें वित आयोग की राशि नहीं मिलने से पंचायत स्तर पर विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं, इस वजह से पंचायतों के लोग निर्वाचित सरपंचों पर सवाल उठा रहे हैं। नव निर्वाचित सरपंचों का कहना है कि यह स्थिति उन्हें केवल नाममात्र का सरपंच बना कर रख रही है। गांवों की समस्याओं का समाधान करने के लिए उनके पास आवश्यक फंड नहीं है, जिससे सारे विकास कार्य रूक गए है, पंचायतों को अपना राजस्व बहुत कम होता है, और इन्हे केन्द्र तथा राज्य सरकार से मिलने वाले अनुदान पर अधिक निर्भर रहना पड़ता है इस कारण 15वे वित आयोग की राशि नहीं मिलने से ग्राम विकास की गति थम गई है औंर योजनाओं का लाभ आम जन तक नहीं पहुंच पा रहा है इससे आम जनता भी निराश और परेशान है। जब ग्रामीणों के द्वारा यह सवाल पूछा जाता है कि गांवों में बुनियादी व्यवस्थाए क्यों नहीं दुरूस्त हो पा रही है, तो पंचायतों के पास कोई ठोस जवाब नहीं होता।

सरपंचों ने शासन प्रशासन से कई बार मांग कर चूके है लेकिन इस ओर ध्यान ▶▶ शेष पेज 10 पर






### सरपंचों ने 15 व16 वे वित्त की राशि की मांग की

**फिंगेश्वर।** शासन के द्वारा 15वे और 16वे वित्त की राशि जारी नहीं होने की विरोध में 6 से अधिक ग्राम पंचायतों में अपने- अपने ग्राम पंचायतों मे ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया वहीं पर शासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए अतिशीघ्र राशि देने की मांग की। पंचायती राज व्यवस्था के अधिकार को ठेंगा बताकर पंचायतो को राशि नही दिया जाना,पंचायतो के वित्तीय मामलों के काम काज को शून्य बनाये रखने से पंचायतीराज प्रणाली की महिमा को शासन के द्वारा कमजोर किया जा रहा है जिसके चलते सरपंच चुनाव हुए 9 महीने के बाद भी आज तक 15वीं और 16वे वृत्त राशि जारी शासन द्वारा जारी नहीं किया गया है जिसके चलते पूरे ब्लॉक और जिले के ग्राम पंचायतो में सभी मूलभूत आवश्यक कार्य ठप्प पड़ा है। ग्राम वासियों एवं लोगों द्वारा अपनी गली मोहल्ले समस्याओं से लगातार सरपंचों को अवगत कराते जा रहे हैं लेकिन सरपंच की मजबूरी है राशि जारी नहीं होने के कारण वह उनकी समस्याओं का



निराकरण नहीं कर पा रहे हैं। जैसे नल जल, नाली सफाई, तालाब सफाई कार्य, गली मोहल्ले में लाइट लगवाने, नाली निर्माण करना, सीसी रोड निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्यों से ग्राम पंचायत 9 महीने से वंचित है और यह एक पंचायत की समस्या नहीं बल्कि पूरे ब्लॉक एवं जिले के पंचायतों की समस्या है। **जल्द से जल्द पंचायत मद जारी करें**- इसी समस्या को लेकर फिंगेश्वर विकासखंड के 6 पंचायतों के सरपंच एवं उनके पंचगण के साथ ग्राम प्रमुख एवं ग्राम वासियों द्वारा अपने–अपने पंचायत के अधिकार के लिए जल्द से जल्द 15 और 16वें वृत्त की राशि जारी करने की मांग शासन प्रशासन से करते हुए पंचायतों में विरोध प्रदर्शन करके सचिव को ज्ञापन सौपा है। इस मांग में जनपद सदस्य रोशन डहरिया ने अपनी सहमति प्रदान करके इस मांग को जायज बताया और शासन प्रशासन से जल्द से जल्द पंचायत मद जारी करने का अनुरोध किया है। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने वाले मुख्य रूप से बासीन सरपंच गंगा बाई ओगरे, रोहिना सरपंच रूपेश साहू, रक्शा सरपंच प्रकाश चंदनिया, बरभाठा सरपंच निर्मला यदु, बकली सरपंच बिंदा साहू, अरंड सरपंच चुम्मन साहू, रोबा सरपंच हितेश्वरी साहू, रेवा ओगरे अध्यक्ष ग्राम विकास समिति बासीन, पंचगण जीतेश्वरी साहू, गायत्री रात्रे, रीना यादव, कुंती यादव, मालती साहू, कुलेश्वर पटेल, रामेंद्र शर्मा, तेजराम ध्रुव, उमेश्वर साहू, लेख राम साहू, लता पुर्र, खेमीन साहू, रवि वैष्णव सरस्वती बंजारे, माहेश्वरी, नागेश के साथ ग्रामवासी रामा साहू आदि शामिल थे।

## फिंगेश्वर उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी का शुंभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

फिंगेश्वर धान उपार्जन केन्द में सोमवार को प्राधिकृत अध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा के मुख्य अतिथ्य में ताराजू बांट की पूजा अर्चना कर किसानों का धान तौलकर धान खरीदी प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीष हरित ने सभी किसानों को धान खरीदी के शुंभारंभ पर बधाई दी और कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार मापदंड के अनुसार किसानों की पाई पाई धान की खरीदी करेगी और सुलभता से उनका भुगतान भी बैंक खातों के माध्यम से करेगी। मुझे आज खुशी है कि आप लोगों के खून पसीने की कमाई का फल मिल रहा है। आप सभी अन्नदाता हैं। आप सभी अनाज उत्पादन करते है तो लोगों का पेट भरता है। वरिष्ट भाजपा नेता रामूराम साहू ने भी किसानों को बधाई देते हुए प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं की तारीफ की। वहीं पर जय जवान जय किसान एवं जय सहकार के नारे लगाये। उपस्थित सभी किसानों सहित भाजपा कार्यकर्ताओ का अध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजूलता हरित, महामंत्री भुवन साहू, किरणेश सोनी, अशोक साहू, सीमा राजपूत, नोसराम साहू सरकारी सोसायटी प्रबंधक हरिशंकर सुमेर सहित बड़ी संख्या मे किसान उपस्थित थे।

## अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा




समाज कल्याण द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ लिया गया। जनपद कार्यालय एवं मिडिल स्कूल हरदी में रैली निकालकर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शपथ कार्यक्रम में आरके ध्रुव अतिरिक्त सीईओ जनपद पंचायत छुरा के द्वारा अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ लिया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने नशे के दुष्प्रभावों, परिवार एवं समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक असर तथा नशा उन्मूलन में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। शपथ में सभी उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहेंगे तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में महेंद्र ध्रुव जनपद सदस्य, योगेश ध्रुव सरपंच कनेसर, आर के साहू विकास विस्तार अधिकारी, रमेश कंवर कार्यक्रम अधिकारी, शीतल ध्रुव समाजसेवी, विकास सोनी, पुनितराम ठाकुर, ईश्वर यदु, देवेश ठाकुर, रमेश ध्रुव, राजकुमार यादव, समस्त कर्मचारी, जनपद, मनरेगा, आवास, ग्रामीण जन उपस्थित थे। ग्राम हरदी में प्रमुख रूप से शिक्षक शांति प्रभा मिंज, सुदामा प्रसाद लोधी, गोवर्धन यादव चपरासी ग्राम पंचायत भुनेशवर ध्रुव सचिव, लक्ष्मी ध्रुव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, द्रोपती कंवर, सरस्वती ध्रुव, कुंदन भाई यादव मितानिन, ललिता बाई कंवर, धरमिन बाई तारक, धनेश्वरी सिंहा, चित्रलेखा साहू स्वास्थ्य विभाग दीपमाला, संतोषी ध्रुव, टीमन ध्रुव, छात्र-छात्राएं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## संस्कृत भाषा को अनिवार्य विषय बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर



कलेक्ट्रेट गार्डन रायपुर में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों से संस्कृत शिक्षकों का संस्कृत भाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए आवश्यक बैठक रखा गया था जिसमें सभी ने सर्वसम्मति से संस्कृत शिक्षक संघ के बैनर तले संस्कृत भाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए काम करने पर सहमत हुए जिसमें प्रदेश संचालकों का मनोनयन किया गया। राजनाराण द्विवेदी, डॉ. कोमल वैष्णव, पूरन लाल साहू, मनोज वर्मा दौलत राम साहू, नरेश विश्वकर्मा, शारदा साहू, ईश्वरी यदु, नोयन कुमार बुड़ेक, सुनील महार, शिरीष श्रीवास्तव प्रदेश संचालक बनाए गए। इसके अलावा कुलेश्वर साहू, महेंद्र वैष्णव, दिनेश कुमार ध्रुव, शंकर साहू, एचएल पुजेरी, पीएल भुआर्य, अंजना श्रीवास, रामप्रसाद साहू, राजकपूर साहू जिला संचालक बनाए गए। संगठन का मुख्य उद्देश्य संस्कृत भाषा को छठवीं से दसवीं तक अनिवार्य रखना है वर्तमान में शासन प्रदेश के स्कूलों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम लागू किया है जिसके चलते संस्कार परक भाषा संस्कृत की उपेक्षा हो रही है जबकि संस्कार की शिक्षा संस्कृत में ही सन्निहित है। देववाणी प्राचीन संस्कृत भाषा का ज्ञान अत्यावश्यक है। हरियाणा राज्य की तरह व्यावसायिक पाठ्यक्रम को सातवें विषय के रूप में रखने से संस्कृत प्रभावित नहीं होगा। इस बाबत संस्कृत शिक्षकों का विराट सम्मेलन भी किया जा चुका है जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह पूर्व संस्कृत बोर्ड अध्यक्ष महंत डॉ. रामसुंदर दास महाराज उपस्थित थे। हजारों संस्कृत विद्वानों के समक्ष संस्कृत को सुरक्षित रखने का पूर्ण आश्वाशन मिला था परन्तु आज पर्यन्त स्पष्ट आदेश न मिलने से संस्कृत शिक्षकों में घोर निराश है अतः संस्कृत शिक्षकों ने संस्कृत भाषा की पढ़ाई अनिवार्य रखने के लिए ही यह सशक्त संगठन का निर्माण किया है संसंस्कृत शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल सभी प्रदेश संचालकों के नेतृत्व में शीघ्र शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव जी से मुलाकात करेंगे।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विज्ञान भवन दिल्ली में किया सम्मानित

# जिले को जोन 1, कैटेगरी-2 में राष्ट्रीय जल संचय व जनभागीदारी के लिए तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

■ जिले को मिला एक करोड़ रुपये का राष्ट्रीय पुरस्कार, बढ़ा गरियाबंद का मान

राष्ट्रीय जल मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत गरियाबंद जिले ने एक बार फिर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। जल संचय एवं जनभागीदारी के उल्लेखनीय कार्यों के लिए जिले को ईस्ट जोन में कैटेगरी–2 के तहत देश का तीसरा बेस्ट जिला चुना गया। यह सम्मान दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रदान किया। राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रतियोगिता में विभिन्न चरणों के निरीक्षण, पर्यवेक्षण और मूल्यांकन के बाद गरियाबंद को यह उपलब्धि मिली है। समारोह में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, जल शक्ति एवं रेल मंत्रालय के राज्यमंत्री वी. सोमन्ना और जल शक्ति मंत्रालय के राज्यमंत्री राज भूषण चौधरी मौजूद रहे। पुरस्कार जिले की ओर से कलेक्टर बीएस उइके, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एसके बर्मन और सहायक अभियंता मनोज तांडिल्य ने ग्रहण किया। राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान मिलने के साथ जिले को एक ▶▶ शेष पेज 10 पर







जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### एंबुलेंस की तत्परता से सड़क हादसे में घायल युवक की बची जान

**बसना।** पिलवापाली के पास शुक्रवार दोपहर हुए सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्परता से उपचार हेतु शासकीय अस्पताल पिथौरा लाया गया। जानकारी के अनुसार, दोपहर लगभग 12:30 बजे बाइक और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही 108 एंबुलेंस टीम सक्रिय हुई। मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस कर्मियों ने सड़क किनारे घायल पड़े युवक की स्थिति नाजुक देखते हुए सबसे पहले उसे स्ट्रेचर के माध्यम से एंबुलेंस में शिफ्ट किया। एंबुलेंस टीम ने प्राथमिक उपचार देते हुए युवक को तुरंत ड्रिप लगाया और स्थिति संभालते हुए अस्पताल के लिए रवाना किया। ईएमटी व पायलट की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के चलते घायल को सुरक्षित रूप से पिथौरा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिससे उसकी जान बच गई। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस टीम की तत्परता की सराहना की और कहा कि समय पर मिली मदद से बड़ा हादसा टल गया।

### नशीली दवा का परिवहन दो युवकों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** नशीली दवा का परिवहन कर रहे दो युवकों के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है।आरोपियों के कब्जे से नाइट्रोसुन टेबलेट बरामद किया गया है। बसना पुलिस के अनुसार खटखटी ओवरब्रिज बसना के पास आरोपी वतन डडसेना पिता लोकनाथ डडसेना (28 साल) महलपारा वार्ड नं 09 पिथौरा थाना पिथौरा एवं शहबाज खान पिता शब्बीर खान (28 साल) वार्ड नं 1 अरेकेल थाना बसना के संयुक्त कब्जे के बिना नंबर एक्टीवा स्कूटी के सीट के नीचे डिग्गी अवैध नशीली दवाई टेबलेट नाइट्रोसुन टैबलेट कुल कीमत 1462.60 रुपए को बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### अमीन भर्ती परीक्षा 7 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा अमीन भर्ती परीक्षा रविवार 07 दिसंबर 2025 को पूर्वाह्न 12 बजे से दोपहर 02:15 बजे तक एक पाली में आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिला मुख्यालय महासमुंद के निर्धारित 16 परीक्षा केंद्रों में जिले के 4731 परीक्षार्थी शामिल होंगे। व्यापम द्वारा इस संबंध में परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। सभी परीक्षार्थियों को इन निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करने कहा गया है, ताकि परीक्षा दिवस में किसी प्रकार की असुविधा न हो। अभ्यर्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर लेने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे परीक्षा दिवस में उन्हें स्थान ढूंढने में कोई कठिनाई न हो।

## कार्रवाई : कारण बताओं नोटिस जारी करने के बाद भी नहीं दिया था जवाब

# एसडीएम ने 23 राशन दुकान संचालकों को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आई है। मैनपुर के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) डॉ. तुलसीदास मरकाम ने शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकानों में गंभीर अनियमितता बरतने और नवंबर माह का राशन वितरण नहीं करने के चलते 23 संचालकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है। इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, उक्त राशन दुकान के संचालकों ने 18 नवंबर 2025 को दोपहर 12:00 बजे तक भी दुकान नहीं खोली और दुकान से संलग्न राशनकार्डधारियों को माह नवंबर 2025 का खाद्यान्न वितरण नहीं किया। राशन लेने के लिए ग्रामीण लगातार दुकानों के चक्कर लगा रहे थे, जिसके बाद शिकायतें मिलने लगीं।

एसडीएम डॉ. मरकाम ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद संचालकों को नियमानुसार कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उन्होंने नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया।

### नवंबर का राशन वितरण न करने पर हड़कंप



### निलंबित दुकानों की सूची

आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों द्वारा संचालित निम्नलिखित 23 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है (01) जिडार, (02) भाठीगढ़, (03) कुल्हाड़ीघाट, (04) बरढुला, (05) गवरगांव, (06) कोयबा, (07) इंदागांव, (08) जुगाड़, (09) जांगड़ा, (10) कुचेंगा, (11) छोटेगोबरा, (12) भुतबेड़ा (13) गरहाडीह, (14) उरमाल, (15) केकराजोर, (16) गोहरापदर, (17) खरीपथरा, (18) मदांगमुड़ा, (19) साहेबिनकछार, (20) अड़गड़ी, (21) गोना, (22) सरगीगुड़ा, (23) कुहीमाल।

एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम ने बताया की उक्त राशन दुकान के संचालनकर्ता एजेंसी एवं विक्रेताओं द्वारा नवंबर माह का राशन का वितरण नहीं किया गया, जिसकी लगातार शिकायत आ रही थी और निरीक्षण में भी दुकान बंद पाया गया। उन्हें नियमानुसार कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन नोटिस का कोई जवाब नहीं देने के चलते आज निलंबन की कार्यवाही की गई है। एसडीएम ने अपने आदेश में कहा कि हितग्राहियों को प्रतिमाह उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 एवं छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम 2012 के अंतर्गत अनिवार्य है। विक्रेताओं द्वारा स्वेच्छाचारित कर बार-बार समझाइश देने के बावजूद दुकान खोलकर खाद्यान्न वितरण न करना **छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 का स्पष्ट उल्लंघन है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय है।

**राशन वितरण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था-** निलंबन के बाद खाद्यान्न वितरण प्रभावित न हो, इसके लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की गई है: निलंबित दुकान संचालन एजेंसियों के समिति प्रबंधक एवं विक्रेता ई पॉस मशीन और तौल मशीन सहित खाद्यान्न की समस्त मात्रा का संपूर्ण प्रभार संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव को सौंपकर प्रभार मुक्त होंगे। इसके बाद, ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव ई पॉस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों को अंगूठे के अनुसार खाद्यान्न वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

## घुंचापाली में नहीं हो रही धान खरीदी, किसानों का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ब्लाक बागबाहरा के कृषि साख सहकारी समिति खोपली के उपकेंद्र ग्राम घुंचापाली में धान खरीदी केंद्र में खरीदी नहीं होने कारण सैकड़ों किसान गेट पर तालाबंदी कर विरोध किया। घुंचापाली उपखरीदी केंद्र में चार गांव घुंचापाली, नवागांव पड़कीपाली, जुवानी गांव के किसान 45 हजार क्विंटल धान बेचते हैं। सोसायटी के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर है।

जिला प्रशासन खरीदी के लिए ग्राम पंचायत सचिव एवं कंप्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था की है, पर हमाल नहीं है। केंद्र में लाइट की भी व्यवस्था नहीं है। बारदाना की कटाई व निशान भी नहीं लग पाया है। जिसके कारण 18 तारीख तक खरीदी प्रारम्भ नहीं हो पाई। इसी बात का किसान विरोध कर रहे हैं। मौके पर पहुंचे नोडल अधिकारी ने कहा कि व्यवस्था दुरुस्त कर अभी खरीदी प्रारंभ कर दी जाएगी। जानकारी मिलते ही केशव चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा ग्राम घुंचापाली पहुंच कर किसानों का समर्थन करते हुए खरीदी केंद्र के बाहर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि किसानों की फसल पक कर पूरी तरह तैयार है। पहले 1 नवंबर से धान खरीदी चालू होती थी, जिसे बढ़ाकर सरकार द्वारा 15 नवंबर कर दिया गया है, लेकिन आज दिनांक भी खरीदी केंद्र में धान का एक दाना नहीं खरीदा गया है। इस संबंध में प्राधिकृत चंद्रशेखर ध्रुव ने बताया कि प्रशासन द्वारा खरीदी केंद्र में कर्मचारियों की व्यवस्था कर दी गई है। हमालों व किसानों से भी सहयोग लेकर धान खरीदी केंद्र चालू हो जाएगा। नोडल अधिकारी लीलाधर डंडसेना ने बताया कि सारी व्यवस्था पूरी कर ली गई है और धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया जा रहा है।

## शिवकुमार बने राजमिस्त्री संघ के अध्यक्ष ...



**नवापारा-राजिम।** नवापारा राजमिस्त्री मजदूर कल्याण संघ के शिवकुमार साहू अध्यक्ष बने। वहीं संघ के उपाध्यक्ष दशरथ साहू, सचिव शत्रुघन सिन्हा, सह सचिव गोवर्धन साहू, कोषाध्यक्ष हेमलाल साहू चुने गए है। इन नए पदाधिकारियों को क्षेत्र के सभी राजमिस्त्री, ठेकेदार और मजदूरों ने शुभकामना दी है।

## खूंखार नक्सली माड़वी और उसकी पत्नी का हुआ मुठभेड़ में अंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

दुर्दांत एवं खूंखार नक्सली माड़वी हिड़मा और उसकी पत्नी का सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में अंत होने पर इसे छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान को ऐतिहासिक सफलता बताते हुए युवा भाजपा नेता प्रमोद कुमार सागर ने कहा कि हिड़मा पर 1 करोड़ रुपए से अधिक का इनाम घोषित था और वह अनेक जघन्य, दर्दनाक और राष्ट्रविरोधी नक्सली घटनाओं का मुख्य मास्टरमाइंड था। उसका खात्मा न केवल नक्सली तंत्र के लिए भारी धक्का है बल्कि दशकों से नक्सली हिंसा झेल रहे निर्दोष नागरिकों के लिए न्याय का ऐतिहासिक क्षण भी है।

## पीएमश्री हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय ने किया नवा रायपुर संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



जनजातीय गौरव पखवाड़ा के अंतर्गत पीएमश्री हरिहर उत्कृष्ठ विद्यालय द्वारा आदिवासी संग्रहालय एवं शहीद वीर नारायण सिंह ग्रंथालय नवा रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। जिसमें संस्था के चन्द्रकांत वर्मा, संतोष निषाद, जागेश्वर जगने, ओंकार साहू, कृष कुमार, नेत्र साहू, विवेक वर्मा, टिकेश्वर निर्मलकर, शेखर साहू, शेषनारायण साहू, निलेश पैगम्बर छात्रों ने संग्रहालय को देखकर भाव विभोर होते हुए कहा कि वास्तव में आदिवासियों का जीवन प्रकृति से सराबोर है और प्रकृति से जुड़ा हुआ जीवन एक वीर होने का संदेश भी देता है। जिसमें शहीद वीर नारायण सिंह जी का बलिदान अविस्मरणीय है और आदिवासियों ने किस तरह से अंग्रेजों से लोहा लिया और अपनी मातृभूमि की रक्षा करने का प्रयास किया। प्राचार्य फाखरा खानम दानी ने कहा कि संग्रहालय में उनके रीति रिवाज, उत्सव, दैनिक जीवन की गतिविधियां जैसे मत्स्याखेट, बाजार, विवाह परंपरा, जन्म एवं मृत्यु संस्कार सभी का सजीव चित्रण उस संग्रहालय में स्पष्ट दिखाई देता है और गोंडवाना समाज के इतिहास को पूरी तरह से उस संग्रहालय में दशार्या गया है जो कि निःसंदेह देखने और सीखने योग्य है और यह छत्तीसगढ़ के लिए बेहद खुशी की बात है कि हमारे मूल निवासियों के जीवन को बेहद खूबसूरती के साथ उस संग्रहालय में पिरोया गया है। हमारे सभी कलाकारों को जिन्होंने इस संग्रहालय में अपने कला को पिरोया है वो सभी सम्मान के पात्र हैं और जिन्होंने इस संग्रहालय के निर्माण की कल्पना की वो भी सम्मान के पात्र हैं। यह संग्रहालय हमें सीख देता है कि हमें अपनी प्रकृति और संस्कारों को कभी नहीं भूलना चाहिए। छात्रों ने बेहद प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हम छग के इतिहास की जानकारी संग्रहालय के माध्यम से ज्ञात हुई और बेहतरीन कलाकारी देखने और समझने का मौका मिला। शाला के व्याख्याता लता साहू, नीलम साहू, मुक्ति साहू, विजय गिलहरे, अविनाश बघेल, दुर्गेश बंजारे, सोनूराम साहू आदि सभी लोगों ने भी इस संग्रहालय को देखकर प्रसन्नता जाहिर की कि छत्तीसगढ़ अंचल में यह संग्रहालय अविस्मरणीय है।

## नशामुक्ति व छात्र सुरक्षा पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा




सांकरा थाना के तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रिपुर में विद्यार्थियों के लिए नशामुक्ति, छेड़खानी से बचाव एवं छात्र सुरक्षा विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एएसआई राजेंद्र प्रसाद भोई, प्रधान आरक्षक प्रेमलता नाग तथा विशेष आरक्षक मनोज डड़सेना मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता मनोज डड़सेना ने विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने तंबाकू, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान तथा उनसे दूर रहने के उपायों पर प्रकाश डाला। साथ ही छेड़खानी, साइबर सुरक्षा, गुड-टच–बैड-टच और आत्म-सुरक्षा के अधिकारों के बारे में भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग द्वारा विद्यार्थियों से सवाल-जवाब भी किए गए। सही उत्तर देने वाले छात्रों को प्रशस्ति स्वरूप पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य पी सिदार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि नशामुक्ति और छात्र सुरक्षा से जुड़ी जागरूकता वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सही दिशा देने में सहायक सिद्ध होते हैं। संकुल समन्वयक पीएल चौधरी ने कहा कि समाज को सुरक्षित, जागरूक और नशा-मुक्त बनाने की नींव विद्यालय से ही रखी जाती है। पुलिस विभाग द्वारा दी गई जानकारी निश्चित ही विद्यार्थियों में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। अंत में एएसआई राजेंद्र प्रसाद भोई के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशा-मुक्त रहने, छेड़खानी के विरुद्ध सजग रहने और समाज में जागरूकता फैलाने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम को विद्यालय परिवार ने अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायी बताया।

## परसुली केंद्र में तीसरे दिन भी नही हुई खरीदी, प्रशासनिक व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



छग में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से शुरूवात हो गई है। वहीं जिले के अंतिम छोर अंतरराज्यीय सीमा के प्राथमिक साख सहकारी समिति पंक्र 862 परसुली उपार्जन केंद्र में तीसरे दिन भी धान खरीदी शुरू नही हो पाई है। सहकारी समिति कर्मचारी संग की हड़ताल से केंद्र में धान खरीदी की व्यवस्था चरमरा गई है। इस केंद्र की संचालन की जिम्मेदारी पंचायत सचिव सुनीता सोनवानी को सौंपा है। जानकारी के अनुसार नये प्रभारी व ऑपरेटर ड्यूटी पर पहुंच तो गए है। लेकिन, वहां अब उन्हें साफ्ट वेयर अपडेट नही होने की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते किसानों को धान बेचने मे अभी से परेशानी आ रही है। कोमाखान जिला सहकारी शाखा के अंतर्गत आने वाले परसुली केंद्र पर तीसरे दिन भी धान खरीदी शुरू नही हो पाई है।

पेज 9 के शेष...

### तीन बच्चों की मौत...

पर उन्हें सरकारी अस्पताल ले जाया गया तब तक काफी देर हो चुकी थी इस तरह दो दिन के भीतर झोलाछाप डॉक्टर एवं अंधविश्वास के चलते बैगा का गुनिया झाड फूंक के चक्कर में एक–एक कर तीनों बच्चे की मौत से जहां पूरा परिवार सदमे में है वहीं इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। **स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाने की तैयारी-** धनोरा में तीन मासूमों की मौत जांच दल के सामने आया अंधविश्वास से जुड़ा कारण जल्द शुरू होगा उन्मूलन कार्यक्रम गरियाबंद धनोरा गांव में एक ही परिवार के तीन बच्चियों की मौत के मामले ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। घटना के बाद राज्य स्तरीय चिकित्सा जांच दल सोमवार को गांव पहुंचा, इस दौरान एक समस्या सामने आई 3 बच्चियों का पोस्टमार्टम किए बिना गई उन्हें दफन कर दिया गया है जिसके चलते मौत से जुड़े असली कारण की जानकारी सामने नहीं आ पाई है लेकिन कई घंटे की पूछताछ और पड़ताल के बावजूद टीम मृत्यु के सटीक कारण तक नहीं पहुंच सकी। टीम में राज्य टीकाकरण अधिकारी, महामारी नियंत्रण प्रकोष्ठ के अधिकारी और जिले के चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल थे जांच के दौरान परिजन, मितानीन और स्वास्थ्य कर्मियों से बारी–बारी पूछताछ की गई प्राथमिक जांच में यह तथ्य सामने आया कि बच्चों को 5 नवंबर से सर्दी, जुकाम और तेज बुखार की शिकायत थी, लेकिन परिजनों ने इसे दैविक प्रकोप मानते हुए झाड़–फूंक का सहारा लिया, स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कई बार उपचार की सलाह देने के बावजूद बच्चे किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय सुविधा तक नहीं पहुंच पाए डॉक्टरों का मानना है कि लगातार कई दिनों तक बुखार और संक्रमण रहने से शरीर अत्यधिक कमजोर हो सकता है, जो गंभीर स्थिति और मौत की वजह बन सकता है टीम ने इसे अंधविश्वास और समय पर इलाज न मिल पाने की गंभीर त्रसदी बताया राज्य टीकाकरण अधिकारी विश्वनाथ भगत ने कहा कि ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से बात करने पर यह स्पष्ट हुआ कि परिजन झाड़–फूंक में अधिक विश्वास करते रहे समय पर इलाज नहीं मिलने के चलते ही तीनों बच्चियों ने दम तोड़ दिया। **झोलाछाप डॉक्टरों पर क्यों नहीं होती करवाई-** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र स्वास्थ्य सुविधा के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है लंबे समय से यहां पर्याप्त डॉक्टर और सुविधा उपलब्ध कराने की मांग क्षेत्र की जनता कर रही है लेकिन स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण ना चाहते हुए भी क्षेत्र के ग्रामीण झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराने मजबूर हो रहे हैं क्योंकि गांव से अस्पताल की दूरी अधिक होने के कारण झोलाछाप डॉक्टरों के चंगुल में आसानी से लोग फंस जाते हैं यहां कोई पहला मामला नहीं है ऐसे दर्जनों मामले हैं जहां झोलाछाप डॉक्टरों के गलत इलाज के चलते कई लोगों ने अपनी जान गवा बैठे है कई मामले सामने आए हैं हर बार सिर्फ जांच किया जाता है टीम गठित किया जाता है और उसके बाद पूरा मामला ठंडा बस्त में चल जाता है इसके लिए ठोस कार्य योजना बनाने की जरूरत है पहले तो गांव–गांव जागरूकता शिविर आयोजित कर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के प्रति विश्वास दिलाने की जरूरत है और क्षेत्र में डॉक्टरों की पर्याप्त व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना अति आवश्यक है नहीं तो यहां शिलसिला आगे भी चलता रहेगा।

### पंचायतों को नहीं...

नहीं दिया जा रहा है। सरपंचों का कहना है अविलंब 15वे वित आयोग की राशि जारी किया जाए ताकि पंचायतों में ठप पड़े विकास कार्यों को फिर से गति मिल सके। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचायत पदाधिकारी चाह कर भी गांव का विकास कार्य नहीं कर पा रहे है क्योंकि ग्राम पंचायतों को जब से सरपंच चुने गए है तब से अब तक एक बार भी 15वें वित्त की राशि नहीं मिली है। ग्राम पंचायतों के गांव में नाली निर्माण, कचरा सफाई, स्ट्रीट लाईट छोटे बड़े मरम्मत कार्य, पेयजल व मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायतो के पास फंड नहीं है और ग्रामीण नवनिर्वाचित सरपंचों एवं पंचायत पदाधिकारियों से उम्मीद लगाए बैठे है कि गांव के मूलभूत समस्याओं का समाधान करेगें लेकिन बजट के अभाव में जब काम नहीं हो रहा है तो लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है और गामीण नव निर्वाचित सरंपचों एवं पदाधिकारियों के साथ विकास कार्य नहीं होने को लेकर कई जगह विवाद की स्थिति देखने को मिल रही है।
**कर्ज लेकर पंचायत के विकास कार्य में खर्च कर रहे-** शासन की योजनाओं को लागु करने और गांव तक पहुचाने में ग्राम पंचायत अहम भुमिका निभाती है लेकिन पिछले चुनाव के बाद अभी तक 15वें वित्त आयोग की राशि नही मिलने से विकास कार्य ग्राम पंचायतो में थम गई है। मैनपुर ग्राम पंचायत के सरपंच हनिता नायक, भाठीगढ़ सरपंच पुष्पा नेगी, हरदीभाठा के सरपंच मालती बाई कोर्राम, जिड़ार सरपंच मुकेश कपिल, गोपालपुर सरपंच कंवली बाई दीवान, देहारगुड़ा सरपंच महेश दिवान, व सरपंचों ने बताया कि अभी तक 15वें वित्त की राशि ग्राम पंचायतो को नहीं मिली है जिसके कारण ग्राम पंचायतों के छोटे–मोटे कार्य करने में भी भारी परेशानी आ रही है कई सरपंच कर्ज लेकर ग्राम पंचायत की विकास कार्य में खर्च कर रहे है सरपंचो ने बताया जिन आशाओं और उम्मीद के साथ उन्हे ग्रामीणों ने सरपंच चुना है उनके उम्मीदो पर पूरा उतरना है फंड के अभाव में गांव का विकास कार्य नही हो पा रहे है जिसके कारण सरपंचो में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।
**पंचायतों में कई विकास कार्य ठप-** डूमाघाट के सरपंच यशवंत सोरी ने बताया एक तरफ सरकार सब का साथ सबका विकास करती है जबकि गांव में विकास कार्य ठप्प पड़े हुए है जनप्रतिनिधी चूनकर आते है तो जनता यह आपेक्षा रखती है कि बेहतर कार्य कराया जायेगा लेकिन ग्राम पंचायतो को कार्य ही नही मिल रहा है विकास कार्य के लिए चक्कर लगाना पड़ रहा है 15वें वित्त की राशि नही मिल रहा है जिससे लोगो के उम्मीदो पर खरा नही उतर पा रहे है। मैनपुर सरपंच संघ के अध्यक्ष हलमन ध्रुर्वा ने बताया कि पंचायत आम चुनाव 2025–2026 के 9 महीने बाद भी ग्राम पंचायतो को 15वें वित आयोग की राशि नही मिली है। उन्होंने कहा कहा इस वर्ष 15वें वित्त की राशि में विलंब होने के कारण ग्राम पंचायतों में कई विकास कार्य ठप पड़े हैं हम शासन से पुनः मांग करेगें कि जल्द से जल्द यह राशि पंचायतों को उपलब्ध कराई जाए ताकि विकास कार्यो को पुनः गति मिल सके। इस संबंध में कल मंगलवार को सरपंच सघ की बैठक आयोजित किया गया है और शासन प्रशासन से 15वें वित्त की राशि के साथ ही विकास कार्यो के लिए राशि की मांग करेगें।

### जिले को जोन...

करोड़ रुपये का पुरस्कार भी प्रदान किया गया।
**जनभागीदारी और नवाचार का मिला बड़ा प्रतिफल-** जिले में 26,025 सतही जल संरचनाओं के संरक्षण, रखरखाव और जनभागीदारी के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यों ने गरियाबंद को यह उपलब्धि दिलाई है। विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयास, जनता की सहभागिता, महिलाओं की सक्रिय भूमिका, स्वयंसेवी संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों के सहयोग ने इस सफलता को मजबूत आधार दिया। तेजी से गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए जिले में जल शक्ति अभियान कैच द रेन, मोर गांव मोर पानी के अंतर्गत मिशन जल रक्षा नारी शक्ति से जल शक्ति की शुरुआत की गई।
**जिले में लागू किए गए प्रमुख नवाचार-** असफल बोरवेल में रिचार्ज सॉफ्ट बोरवेल व सैंड फिल्टर तकनीक परकुलेशन टैंक में इंजेक्शन वेल बनाकर वर्षाजल को सीधे वाटर टेबल से जोड़ना, नए बोरवेल के साथ इंजेक्शन वेल निर्माण पहाड़ी क्षेत्रों में रिचार्ज संरचनाएं, लो-लाइन क्षेत्रों में जल संरक्षण संरचनाएं संरचनाओं की मरम्मत, संधारण व जीएसआई आधारित योजना निर्माण इन नवाचारों और सामूहिक प्रयासों ने जिले के जल संरक्षण मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है।

## खबर संक्षेप

### मदकू द्वीप और कानन पेंडारी का किया भ्रमण

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के बीए भाग- तीन भूगोल के विद्यार्थियों द्वारा प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन, एमएन सिदार के मार्गदर्शन तथा एसपी खड़बंधे देवेश राणा (सहायक प्राध्यापक भूगोल), शुभम पटेल( प्रयोगशाला तकनीशियन) के नेतृत्व में छग राज्य के मुंगेली जिले में स्थित मदकू द्वीप, ताला गांव एवं बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी का भ्रमण किया। विदित हो कि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने बीए भाग तीन प्रायोगिक भूगोल के पाठ्यक्रम में भौगोलिक भ्रमण को शामिल किया है। जिसमें बीए के छात्र प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक तत्वों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर भौगोलिक समीक्षा करने में समर्थ हों तथा भूगोल को निकट से समझ सकें। इस आशय से भूगोल विभाग द्वारा 15 नवंबर को मदकू द्वीप जो की मुंगेली जिले में शिवनाथ नदी के दो धारा में बटा एक नदी द्वीप है जो भौगोलिक प्राकृतिक भौगोलिक एवं पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रखता है तथा ताला गांव में मनियारी नदी के तट पर स्थित देवरानी जेठानी मंदिर छत्तीसगढ़ का सबसे प्राचीन मंदिर है, यहीं पर रूद्र शिव की विशाल प्रतिमा स्थित है। बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी (चिड़ियाघर) का भ्रमण किया।

### धान खरीदी में व्यवधान कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**महासमुंद।** धान खरीदी में व्यवधान उत्पन्न करने वाले कर्मचारी के खिलाफ सिटी कोतवाली में एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा महासमुंद के पर्यवेक्षक द्वारिका साहू पिता स्व. कलीराम साहू ने दिए गए आवेदन में बताया कि 16 नवंबर को प्राथमिक कृषि साख सहकारी खट्टी के विक्रेता कौशल साहू के द्वारा धान खरीदी कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने की सूचना मिली थी। जिस पर आरोपी नाम से एफआईआर दर्ज कराने हेतु प्रार्थी अधिकृत किया गया है। दिए गए आवेदन के आधार पर आरोपी के छग अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विछिन्नता अधिनियम 1979 के तहत सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है।

### जिपं सीईओ ने जन चौपाल में सुनी लोगों की मांग एवं समस्याएं

**महासमुंद।** जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में आवेदकों ने जाति प्रमाण पत्र, नक्शा त्रुटि सुधार, अतिक्रमण हटाने, पीएम आवास, वन अधिकार पट्टा, सीमांकन, अवैध कब्जा तथा अन्य समस्याओं व मांगो को लेकर आवेदन सौंपे। जन चौपाल में ग्राम घोंच पिथौरा निवासी गौर सिंग ने धान की मुआवजा राशि दिलाने के लिए आवेदन दिया। इसी तरह बसना निवासी शबाना निशा ने अपने पैतृक घर में अवैध कब्जे के संबंध में आवेदन, पटेवा निवासी कुशन्ती बाई ने लोन वसूली पर रोक लगाने हेतु आवेदन, ग्राम चनौरडीह बसना निवासी दिलीप मार्टिन ने काश्त भूमि विक्रय हेतु आवेदन, ग्राम बेमचा महासमुंद निवासी मोतीराम साहू ने सामाजिक प्रताड़ना के विषय में आवेदन, ग्राम साराडीह महासमुंद निवासी बिसहत साहू ने निराश्रित वृद्ध पेंशन हेतु आवेदन किए। सीईओ नंदनवार ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### बिंद्रावन में कुराल पूजा महोत्सव 25 को

**नर्रा।** ग्राम बिंद्रावन के कुंभकार समाज द्वारा प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी कुराल पूजा महोत्सव मार्ग शीर्ष शुक्ल पक्ष पंचमी 25 नवंबर मंगलवार को लक्ष्मीनारायण मंदिर में मनाया जाएगा। इस अवसर पर एक दिन पूर्व 24 नवंबर सोमवार को सायं बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी।

---

**मौसम : आंगन और चौपाल में लकड़ी जलाकर ठंड से बचाव कर रहे लोग**

# राजिम में कड़ाके की ठंड का कहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

राजिम में ठंड का कहर हर किसी को भारी पड़ रहा है। लोग कह रहे है बाप रे ठंड! ऐसी ठंड कई वर्षो बाद एक बार फिर से न केवल देखने को मिल रहा है बल्कि अहसास भी किया जा रहा है। आलम यह है कि दिन में भी कपकपाहट महसुस हो रही है। जमकर गर्म कपड़े बिक रहे है। मफलर, शॉल, कंटोप, मोजा, दस्ताना तथा कंबल की अच्छी बिक्री हो रही है। लोग अभी केवल एक ही काम कर रहे है वो गर्म कपड़े खरीदना। देहात के गांवो में अंगीठी जलाकर ठंड से मुकाबला किया जा रहा है। ज्यादातर गरीब परिवार के लोग पैरा बिछाकर उसपे कथरी या चादर डालकर सो रहे है। दुपहिया सवार काम पर देर से निकल रहे है और सांझ ढलने के पहले घर लौट रहे है। ठंड से बचने के लिए हर तरह का जतन लोगों द्वारा किया जा रहा है। सर्दी, खांसी और बुखार से पीड़ित है। सारे के सारे हास्पिटल में भीड़ बनी हुई है। बर्फ की चुस्की, आईस्क्रीम, केला, संतरा और कोल्डड्रिंक को लोग एक तरह से भुल गए है। शहर के डाक्टरों का कहना है कि ये ठंड काफी खतरनाक है। यदि नाक, कान बांधकर नही चले तो सर्दी, खांसी के साथ बुखार आना तय है लिहाजा शरीर को स्वस्थ रखना है तो ये उपाय करने पड़ेंगे। पिछले कुछ दिनों से मौसम में आए अचानक बदलाव के कारण न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट आई है। सुबह और शाम की बर्फीली हवाओं ने ठंड को और अधिक तीखा बना दिया है। जिसके चलते लोगों की सामान्य दिनचर्या प्रभावित हुई है। लोग सिर से पैर तक गर्म कपड़ों में लिपटे हुए दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीण तथा शहरी इलाकों में अलाव ही लोगों का मुख्य सहारा बना हुआ है। कई परिवार सुबह उठते ही आंगन और चौपाल में लकड़ी जलाकर ठंड से बचाव कर रहे हैं। विशेष कर बुजुर्ग और छोटे-छोटे बच्चे अलाव के पास बैठकर राहत महसूस कर रहे हैं। लगातार बढ़ रही ठंड ने किसानों के कामकाज को भी प्रभावित किया है। खेतों में सुबह पहुंचना कठिन होता जा रहा है और कई लोग देर से काम शुरू कर रहे हैं। शहर के रवि निर्मलकर, अनिकेत यादव, आकाश यादव, अमन यादव, योगेश निर्मलकर ,बंटी निर्मलकर ने कहा कि ठंड इतनी बढ़ गई है कि अलाव ही सहारा बना हुआ है।



**गर्म कपड़ों की कीमत बढ़ी**

बताना होगा कि शहर के कपड़े दुकानों में ज्यादातर गर्म कपड़े खरीदने वाले ही दिखाई दे रहे हैं स्वेटर की अपनी अलग वैरायटी है तथा उनकी कीमत भी अलग-अलग है वैसे तो न्यूनतम 300 से स्वेटर उपलब्ध हो रहे हैं लेकिन थोड़ा बढ़िया स्वेटर, जैकेट, हुडी, स्वेटशर्ट, कार्डिगन, शॉल, पार्क, पफर,कोट, मोंजा, दस्ताने इत्यादि की मूल्य में काफी इजाफा हुआ है। जिसके चलते कम पैसे वाले कम कीमत के ही गर्म कपड़े पर संतोष कर रहे हैं।

**सर्दी खांसी के मरीज बढ़े**

कपकपाती ठंड से लोगो में सर्दी एवं खासी के शिकायत भी बढ़ी है। अस्पतालों में सर्दी एवं खांसी के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. केआर सिन्हा ने बताया कि शुष्क मौसम में सर्दी, खांसी एवं अस्थमा के मरीज बढ़े है। फसलों की कटाई भी चरम में है। धान से उड़ने वाले गर्दे भी सर्दी एवं खासी का मुख्य कारण है। बारिश के बाद मौसम साफ होने से वातावरण में धूल से भी कई लोगों को एलर्जी की शिकायत हो रही है। अत्यधिक ठंड में हृदय रोग के मरीजों को संभलकर रहने की आवश्यकता है। ठंड के दिनों में छोटे बच्चों में विंटर डायरिया का प्रकोप होता है। चिकित्सकों का सलाह है कि खानपान का विशेष ध्यान रखें। ठंड में गरम पानी एवं गरम भोजन खाए। छोटे बच्चों को ठंड से बचाकर रखे। दिन में भी गरम कपड़े पहना कर रखे। मौसमी फल एवं हरे पत्तेदार सब्जियों का सेवन करे। मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष कड़ाकेदार ठंड पड़ने की संभावना है। आगामी सप्ताह में भी ठंड से राहत की गुंजाइश कम है।

---

# जिले में अधिकारियों, छात्रों व समूहों ने ली सामूहिक शपथ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

नशा मुक्त भारत अभियान के 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिले में मंगलवार को जिला स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर नशामुक्ति के संकल्प को मजबूत बनाने तथा जनजागरूकता बढ़ाने के लिए आज सुबह 10:00 बजे जिला पंचायत में जिला पंचायत सीईओ श्री प्रखर चंद्राकर एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय में डीपी ठाकुर ने जिला अधिकारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इसके अलावा स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानो में नशा मुक्ति की शपथ ली गई। नषा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर गतिविधियाँ आयोजित की गई। इसके साथ ही जिले के सभी कार्यालयों, जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों में भी जनसामान्य की सहभागिता से नशा मुक्ति शपथ का आयोजन किया जा रहा है, ताकि नशा उन्मूलन का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक मिल सके। शैक्षणिक संस्थानों में भी नशा मुक्त भारत अभियान को विशेष रूप से मनाया गया। महाविद्यालयों, विद्यालयों, एनएसएस एवं एनसीसी कैडेटों की सहभागिता से चित्रकला, रंगोली, भाषण, गीत, नृत्य, नाटक, स्लोगन लेखन एवं अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। इन गतिविधियों का उद्देश्य युवाओं में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। ग्राम पंचायत स्तर पर एनआरएलएम से जुड़ी स्व-सहायता समूहों द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया गया। समूहों द्वारा रैली, प्रचार-प्रसार, शपथ ग्रहण और विभिन्न जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अलावा जिले के नशा मुक्ति केन्द्रों में विशेष शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा विभाग द्वारा संचालित सभी शासकीय अशासकीय संस्थानों में भी नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

---

# करोड़ों की सड़क, 4 साल में जर्जर नुकीले गिट्टी से दुर्घटना का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत कई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करोड़ो रुपए की लागत से निर्माण किए गए सड़क समय से पहले जर्जर होता जा रहा है और सड़क से डामर उखड़कर गिट्टी बाहर निकल गया है। नुकीले गिट्टी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है आए दिनों इन सड़क में दोपहिया वाहन पन्चर के शिकार हो रहे है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 06 किमी दूर बाईरगांव से पथर्री तक 05 किमी प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत लाखो रूपये खर्च कर चार वर्ष पहले सड़क मरम्मत किया गया था लेकिन घटिया सड़क निर्माण के कारण जगह-जगह सड़क से डामर उखड़ गया है और गिट्टी बाहर निकल गया है जिससे इस मार्ग में वाहन तो दूर पैदल चलने वालों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और सड़क निर्माण के बाद पांच साल तक संबंधित निर्माण एजेंसी का मरम्मत की जिम्मेदारी रहती है लेकिन अब तक कोई मरम्मत नहीं किया गया है। कई बार क्षेत्र के ग्रामीणों ने इसकी शिकायत संबंधित विभाग से कर थक चुके है लेकिन संबंधित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग के अफसर क्षेत्र में दिखाई ही नही देते। यही स्थिति गौरघाट, गिरहोला मार्ग की है पूर्व सरपंच खेलन दिवान, पवन दिवान ने बताया जब सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा था तब इसके घटिया गुणवत्ता को लेकर संबंधित विभाग के अफसरो से शिकायत किया गया था लेकिन किसी ने भी ध्यान नही दिया जिसके कारण इसका खामियाजा क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ रहा है सड़क जगह – जगह से उखड़कर जर्जर हो रही है और विभाग मरम्मत करवाने की तरफ ध्यान नही दे रहे है क्षेत्र के ग्रामीणों ने गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उईके से मांग किया है कि क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जर्जर सड़को की मरम्मत करवाई जाये।



**सड़क मरम्मत को लेकर आन्दोलन करेगें : सुकचंद**

जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, देवीसिंह कमलेश, मधुराम एवं ग्रामीणों ने बताया प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बोईरगांव से पथर्री तक लाखो रूपये खर्च कर चार वर्ष पहले सड़क का मरम्मत किया गया था लेकिन सड़क मरम्मत कार्य निम्न व घटिया स्तर के होने के कारण एक वर्ष में ही सड़क जगह–जगह से उखड़ गया बड़े-बड़े नुकीले बाहर निकल गए जिसमें सायकल पंचर हो रहा है आने- जाने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही है। इस सड़क का जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाना आवश्यक है अन्यथा ग्रामीण आन्दोलन करने बाध्य होगे।

---

### अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं : सरपंच सिन्हा

**पिथौरा (ग्रामीण)।** तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत ठाकुरदिया खुर्द में शासकीय पट्टे की भूमि पर बिना डायवर्सन अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। इसको लेकर पंचायत के सरपंच मनोज कुमार सिन्हा सहित ग्रामीणों ने तहसीलदार पिथौरा से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। सरपंच मनोज ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड क्रमांक 9, दामाद पारा स्थित शासकीय भूमि बड़े झाड़ जंगल मद की भूमि पर ग्राम छोटे पटनी, थाना बसना निवासी गजानंद निषाद पिता पैतराम निषाद द्वारा बिना किसी अनुमति व डायवर्सन के अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा कई बार रोक लगाने के बावजूद भी निर्माण जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि गजानंद निषाद द्वारा शासकीय जोगी डाबरी पर भी कब्जा किया जा रहा है तथा उस डाबरी को अपना बताते हुए ग्रामीणों को निस्तारी हेतु उपयोग करने से रोका जा रहा है। इससे गांव में तनाव की स्थिति बन रही है और ग्रामीण नाराज हैं। सरपंच मनोज कुमार सिन्हा ने स्पष्ट कहा कि शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने तहसील प्रशासन से मांग की है कि मौके पर जांच कर अवैध निर्माण को तत्काल रोका जाए।

---

# रसेला उपार्जन केंद्र में धान खरीदी शुरू पहले दिन 216 क्विंटल की हुई बोहनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला



धान उपार्जन केन्द्र रसेला में 17 नवंबर को धान खरीदी का महाअभियान विधिवत पूजा अर्चना कर जनप्रतिनिधि और किसानों द्वारा शुभारंभ किया गया। सभी उपार्जन केन्द्रों पर अन्य कर्मचारियों को धान खरीदी के काम पर लगाया गया है। 17 नवंबर को रसेला धान उपार्जन केन्द्र में 4 किसानों से 216 क्विंटल 80 किलो की बोहनी की गई। किसानों ने बताया कि धान कटाई तेजी पकड़ चुकी है, लेकिन खरीदी के लिए आवश्यक टोकन तुहर हाथ एप लगातार ठप्प होने से किसान परेशान हैं। एप में सर्वर डाउन,लागिन न होना और पेज न खुलने जैसी दिक्कतों के कारण टोकन नहीं निकाल पा रहे हैं। हड़ताल के कारण आफलाइन टोकन व्यवस्था भी बंद है। किसानों का कहना है कि धान तैयार होने के बाद समय पर टोकन न मिलने से खरीदा प्रभावित होगी और उन्हें आर्थिक नुकसान का डर है। कई किसान दिनभर एप में टोकन निकालने का प्रयास करते रहे, पर सफलता नहीं मिली। सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल के बावजूद सुव्यवस्थित रूप से धान खरीदी हो रही है। सभी उपार्जन केन्द्रों में कर्मचारियों की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। धान खरीदी 15 नवंबर से 31 जनवरी 2026 तक नगद एवं लिकिंग सहित की जायेगी। प्रत्येक शनिवार व रविवार तथा शासकीय अवकाश के दिन धान खरीदी बंद रहेगी। धान खरीदी के प्रभारी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने बताया कि 2 एकड़ वाले किसान सिर्फ एक बार टोकन काटने का मोका मिलेगा। वहीं लघु एवं सीमांत कृषक का 2 टोकन में धान खरीदी की जाएगी। दीर्घ कृषक का 3 टोकन में धान खरीदी की जाएगी। पंजीकृत कृषकों से ही धान की खरीदी की जाएगी। शासन के नीति अनुसार सुखा स्वच्छ साफ सुथरा एफएक्यू क्वालिटी धान ही क्रय किया जावेगा। इस दौरान जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, बिमला नागेश, सरपंच रूपादेवी ठाकुर, तुलेश्वर ध्रुव, रवि मरकाम उपसरपंच परमेश्वर यादव, धनसाय ध्रुव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, पूर्व सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, प्राधिकृत अधिकारी भुवेन्द्र मरकाम, पूर्व जनपद सदस्य थानेश्वर कंवर, खेमसिंह, भावसिह मरकाम, डगेश्वर सोरी, बिगेन्द्र सोरी, कृष्णा गुप्ता, मनोहर जयसवाल, रामेश्वर सिन्हा, कमलेश्वर नायक, बालकराम, शंकर कुर्रे, सहित क्षेत्र सभी कृषकगण और हेमालसघ उपस्थित थे।

---

# अधिकारियों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा



जनपद पंचायत एवं समाज कल्याण छुरा द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ लिया गया। जनपद कार्यालय एवं मिडिल स्कूल हरदी में रैली निकालकर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शपथ कार्यक्रम में आर के ध्रुव अतिरिक्त सीईओ कार्यालय, अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ लिया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने नशे के दुष्प्रभावों, परिवार एवं समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक असर तथा नशा उन्मूलन में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। शपथ में सभी उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहेंगे तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में महेंद्र ध्रुव जनपद सदस्य, योगेश ध्रुव सरपंच कनेसर, आर के साहू विकास विस्तार अधिकारी, रमेश कंवर कार्यक्रम अधिकारी , शीतल ध्रुव समाजसेवी,विकास सोनी, पुनीत ठाकुर, देवेश ठाकुर, रमेश ध्रुव, राजकुमार यादव, समस्त कर्मचारी, जनपद, मनरेगा, आवास, ग्रामीण जन उपस्थित थे। ग्राम हरदी में रूप ध्रुव, शिक्षक शांति प्रभा मिंज, सुदामा प्रसाद लोधी, गोवर्धन यादव चपरासी, ग्राम पंचायत भुनेशवरधुव सचिव लक्ष्मी ध्रुव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, द्रोपती कंवर, सरस्वती ध्रुव, कुंदन भाई यादव मितानिन, ललिता बाई कंवर ,धरमिन बाई तारक,धनेश्वरी सिंहा, है चित्रलेखा साहू स्वास्थ्य विभाग दीपमाला ,संतोषी ध्रुव,टीमन ध्रुव, छात्र-छात्राएं ग्रामीण उपस्थित थे ।

---

# पालिका अध्यक्ष के मार्गदर्शन में नगर के हृदय स्थल और नालियों की हो रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम



नगर पालिका परिषद नवापारा द्वारा इन दिनों विशेष रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। साफ - सफाई की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पालिकाअध्यक्ष ओमकुमारी साहू के प्रतिनिधि संजय साहू, सफाई सभापति सहदेव कंसारी, नम्मू नारायण ध्रुव पार्षद के मार्गदर्शन में नगर के हृदय स्थल सदर रोड, गंज रोड, श्री सत्यनारायण मंदिर गली एवं शहर की नालियों की सफाई की जा रही है। पालिका के सफाई कर्मी इस कार्य में बड़ी मुस्तैदी से लगे हुए हैं। नगर वासियों ने पालिका द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान की सराहना की है। सफाई अभियान में तीजूराम साहू दिनेश साहू, रोशन साहू,धर्मेन्द्र साहू ,भीम, निर्मल नायक, गुंजा साहनी, मंजू साहनी, दुर्गा साहनी, मनीष देवांगन, गगन, शुभम ध्रुव सहित पालिका कर्मी लगे हुए हैं।

---

**मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया**

# राज्य स्तरीय विज्ञान मेले में सानिया द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

गरियाबंद जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि में, विकासखंड छुरा की नन्ही वैज्ञानिक सानिया टण्डवीर ने राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। पश्चिम भारत विज्ञान मेला प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर में 12 से 15 नवंबर तक हुआ, जिसमें प्रदेश के कुल 9 संभाग से 549 बाल वैज्ञानिक सम्मिलित हुए थे। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदी की कक्षा 8वीं की छात्रा सानिया टण्डवीर ने बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के मुख्य विषय 'विकसित और आत्मनिर्भर भारत' तथा उप-विषय 'स्वास्थ्य एवं स्वच्छता' के तहत सार्वजनिक शौचालय की स्वच्छता पर अपना मॉडल प्रस्तुत किया। सानिया टण्डवीर के इस अभिनव मॉडल को राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जिसके साथ ही वह राष्ट्रीय स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित हो गईं।




**सम्मान और बधाई-** प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष सरगुजा विकास प्राधिकरण एवं विधायक पत्थलगांव गोमती साय, विशिष्ट अतिथि सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया, विधायक जशपुर रायमुनी भगत सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने सानिया को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

इस सफलता के लिए सानिया के मार्गदर्शक शिक्षक सुदामा प्रसाद लोधी को भी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। शिक्षक लोधी कबाड़ से जुगाड़, नवाचारी, इंस्पायर व राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के ब्लॉक नोडल और मुख्यमंत्री शिक्षक गौरव से अलंकृत हैं, साथ ही विज्ञान प्रदर्शनी में नेशनल अवार्ड से भी सम्मानित हो चुके हैं। उन्हें राष्ट्रीय स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए छत्तीसगढ़ राज्य का परचम लहराने की अग्रिम बधाई दी गई।

सानिया की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, जिला मिशन समन्वयक शिवेश कुमार शुक्ला, विकासखंड शिक्षा अधिकारी किशुन लाल मतावले, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद, संकुल प्राचार्य आशारानी चतुर्वेदी, नवाचारी शिक्षक शंकर लाल यदु सहित समस्त शिक्षा विभाग, जनप्रतिनिधियों (जैसे सरपंच गोमती संतु ध्रुव, उपसरपंच रूपनाथ बंजारे) और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बधाई एवं शुभकामनाएं संप्रेषित की हैं।

---

# महामंडलेश्वर गोवर्धन महाराज का जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

मंगलवार को मंडप ऋषि आश्रम बाबा कुटी में अंचल के ख्याति प्राप्त संत महामंडलेश्वर गोवर्धन शरण महाराज के जन्म दिवस की अवसर पर गुरुदेव के भेंट मुलाकात कर जन्मदिन की सभी लोगों ने बधाई दी। जिसमें प्रदेश साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, राजिम भक्ति मंदिर समिति के उपाध्यक्ष नूतन लाल साहू, पूर्व सरपंच रामाधार साहू, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश साहू, बिजली पंचायत सरपंच प्रतिनिधि मोती राम निषाद, दिव्यांग संघ जिलाध्यक्ष जागेश्वर साहू, ज्ञानचंद साहू, कमलेश साहू, हरिलाल साहू, सियाराम यादव, घनश्याम साहू सभी शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### उत्पन्ना एकादशी पर निकली लड्डू गोपाल की पालकी यात्रा



**नवापारा-राजिम।** उत्पन्ना एकादशी का पावन पर्व स्थानीय कंसारी समाज के द्वारा धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर के श्री सत्यनारायण मंदिर से श्री लड्डू गोपाल जी की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई जो कि नगर के प्रमुख मार्गो गंज रोड, गांधी चौक, चांदी चौक, स्टेशन रोड, स्टेशन पारा सदर रोड, ब्राह्मण पारा पुराना कसेर पारा लटर्रा पारा होते हुए वापस श्री मंदिर जी में आकर समाप्त हुई। रास्ते भर श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह भगवान की पूजा अर्चना व आरती की गई। पालकी यात्रा में कंसारी समाज के अध्यक्ष सहदेव कंसारी, मंदिर कमेटी के सचिव बलराम सारस, नंद कुमार कंसारी, गोविंदा कंसारी, संतोष कंसारी, रमेश कंसारी, मुन्ना कंसारी, रमेश मोंटी, महिला संगठन की सरोज कंसारी समेत सामाजिक जनों, मंदिर कमेटी के सदस्यों एवं महिलाएं शामिल थी।

### पोर्टल में संशोधन के लिए अतिरिक्त समय 25 तक

**महासमुंद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2025 के लिए एकीकृत किसान पोर्टल में नए पंजीयन एवं पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की समय-सीमा पूर्व में 31 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित की गई थी। इसी क्रम में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए शेष कृषकों एवं डूबान क्षेत्र के वन पट्टाधारी कृषकों के प्रकरणों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के लिए अतिरिक्त समय सीमा का प्रावधान किया गया है। आदेशानुसार, एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषकों, डूबान क्षेत्र के वन पट्टाधारी कृषकों के कैरी फॉरवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन के लिए अतिरिक्त एक सप्ताह का समय प्रदान किया गया है। यह संशोधन अब 19 नवंबर 2025 से 25 नवंबर 2025 तक तहसील लॉगिन के माध्यम से किया जा सकेगा। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें ताकि पात्र किसानों के पंजीयन एवं संशोधन कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण हो सकें।

### धान उपार्जन केंद्र में घोर लापरवाही उजागर

**बसना।** धान उपार्जन केंद्रों में अव्यवस्था और लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। नरसैयापल्लम में धान खरीदी के लिए मृत सचिव रविलाल चौहान, जो ग्राम राजपुर के निवासी थे, उनका निधन 6 सितंबर को हो चुका है। इसके बावजूद मृत व्यक्ति के नाम पर ही धान खरीदी का जिम्मा सौंप दिया गया, जो विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। ग्रामीणों ने बताया कि संबंधित केंद्र में खरीदी व्यवस्था पहले से ही अव्यवस्थित थी, लेकिन मृत पंचायत सचिव के नाम पर जिम्मेदारी दर्ज होना प्रशासनिक लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है। इस पूरे प्रकरण से किसान भी परेशान हैं और धान खरीदी कार्य प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल जांच की मांग की है।

---

विडंबना : मैनपुर ब्लॉक में 10-12 करोड़ खर्च कर निर्माण किए गए 75 गौठान की स्थिति बद से बदत्तर

# गौठान विरान, सरकारी संपत्ति हो रही है चोरी जांच व कार्रवाई न होने से ग्रामीण आक्रोशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लाखो -करोड़ों रूपये खर्च कर सभी ग्राम पंचायतों में गौठान का निर्माण किया गया था और कई जगह निर्माण कार्य अधुरा भी पड़ा हुआ है प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के बाद लाखों -करोड़ों रुपए खर्च कर निर्माण किए गए गौठान अब विरान पड़े हुए हैं और तो और इन गौठानों में अधूरे निर्माण कार्यो के बाद कई पंचायतो में राशि आहरण करने की शिकायत के बाद अब तक न तो जांच हुई और न ही इस मामले में कार्यवाही हुई जिसके चलते क्षेत्र के लोगो में नाराजगीय देखने को मिल रहा है, अब गौठान के तरफ संबधित ग्राम पंचायत और अधिकारियों द्वारा ध्यान नही देने के कारण गौठानों में लाखों -करोड़ों खर्च कर लगाए गए सोलर पैनल, फैसिंग तार, कवेलू, शेड, दरवाजे धीरे -धीरे गायब होने लगे हैं, लेकिन इस शासकीय सम्पत्ति को सुरक्षित रखने के लिए जिम्मेदारों द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है, गरियाबंद जिले के जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत 75 ग्राम पंचायतों में लगभग 10-12 करोड रूपये खर्च कर गौठान का निर्माण किया गया है इन गौठानों में वर्मी टैंक, बकरी पालन शेड, पशु पालन सेड, कोटना, बैठने की व्यवस्था, खाद निर्माण, केचुआ निर्माण, पैरा रखने के लिए मचान, पैरा काटने का मशीन, शौचालय के साथ साथ चारो तरफ फैंसिग तार लगाकर घेराव किया गया है,जिसमे करोडो रूपये खर्च करने का दावा विभाग द्वारा किया जाता है जबकि कई गौठानो में पर्याप्त वर्मी टैंक और अन्य जरूरी निर्माण नही करने के साथ ही राशि आहरण कर लेने की शिकायत पहले ही मिला था इसके बावजूद भी अब तक इन मामलो में न जांच हुआ और न ही कार्यवाही हुई, वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद यहा सभी गौठान विरान हो गए है, और अब गौठानों की स्थिति बद से बदत्तर स्थिति में पहुंच गए हैं और अब तो ग्राम पंचायतों के द्वारा गौठानों के तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण लगातार लाखों -करोड़ों खर्च कर निर्माण किए गए गौठानों से सरकारी सम्पति धीरे -धीरे गायब होने लगी है, जिसके लिए जिम्मेदारी तय होना चाहिए और सरकारी सम्पति को सुरक्षित रखने के लिए कोई ठोस निर्णय लेने की जरूरत है।


■ विरान पड़े गौठानों से लगातार गायब हो रही सौर प्लेट, सेड, फैसिंग तार, कवेलू





#### 3 करोड़ लागत से गौठान में लगाए गए सौर पैनल

जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत गौठान निर्माण कार्य में क्रेडा विभाग द्वारा 76 स्थानों पर करोडो रूपये खर्च कर सौर पैनल लगाया गया है और मजेदार बात हो यह है कि कई स्थानों पर बगैर हेडपम्प खनन किये ही सौर पैनल लगा दिया गया है, क्रेरेडा विभाग के सबइंजीनियर अशोक कुमार ने बताया कि मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के गौठानो में 76 स्थानों पर सौर पैनल 02 करोड 66 लाख रूपये खर्च कर लगाया गया है, उन्होने बताया कि कई जगह सौर पैनल के उपकरण चोरी होने की शिकायत मिल रही है।



#### 75 पंचायतों में किया गया है गौठान निर्माण

जनपद पंचायत मैनपुर से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम फेस में जो गौठान का निर्माण किया गया जैसे भाठीगढ, कुल्हाडीघाट, बुडगेलटप्पा, फरसरा यहा 03 से 04 एकड जमीन में लगभग 09 से 10 लाख रूपये खर्च किया गया है, उन्होने बताया कि दूसरे और तीसरे चरण में जो गौठान निर्माण किया गया है, वह 02 से 03 लाख तक खर्च किया गया है, मैनपुर विकासखण्ड में कुल्हाडीघाट, भाठीगढ, भुतबेडा, फरसरा, धारनीधोडा, जिडार, तौरेंगा, साहेबिनकछार, तुहामेटा, गरहाडीह, अडगडी, कुचेंगा, गोना, बोईगांव, छोटेगोबरा, कोदोभाठा, मैनपुरकला, हरदीभाठा, खरीपथरा, चिखली, घुमरापदर, उसरीजोर, बजाडी, भैसमुडी, अमांड, अमलीपदर, गोहरापदर, जांगडा, डुमाघाट, मटिया, खोखमा, दाबरीगुडा, भेजीपदर, कुहीमाल, बिरीघाट, शोभा, कोकडी, दबनई, जाडापदर, सरगीगुडा, झरगांव, सरईपानी, कांण्डेकेला, तेतलखुंटी, ढोढर्रा, साल्हेभाठा, मुडगेलमाल, गोलामाल, धनोरा, मुडागांव,इदागांव, बुरजाबहाल, धोबनमाल, छैलडोंगरी, गुरजीभाठा टी, देहारगुडा, गौरगांव, डेडुपदर, केकराजोर, गुढियारी, गोपालपुर, मैनपुर सहित 75 पंचायतों में गौठान निर्माण किया गया है।

#### गौठान हुए विरान, मवेशी पहुंचा रहे फसलों को क्षति

पूरे विकासखण्ड क्षेत्र में गौठानो की हालत बद से बत्तर हो गई है जिसके कारण अब गौठानों से शासकीय सामग्रिया गायब होने लगी है जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर खेतों में धान अन्य फसलो को मवेशी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है क्षेत्र के किसान रामेश्वर ठाकुर, मदनलाल दीवान, जगनेश्वर ध्रुव, भारत ठाकुर व लोगों ने मांग किया है कि गौठानों के सामाग्रियों को सुरक्षित रखा जाए साथ ही इन गौठानों में पानी चारा की व्यवस्था कर मवेशियों को फायदा पहुंचाया जाए गौठान बंद होने से मवेशी सड़क में घुम रहे है और लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है।

---





## समाज निर्माण में नारी शक्ति का है महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आयोजित सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का सफल आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम में संपन्न हुआ, इस कार्यक्रम में विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा अरुण से पंचम में पढ़ने वाले भैया बहनों के माताओं को आमंत्रित किया गया जिसमें समस्त मातृ शक्तियों ने आगे बढ़कर सहभागी हुए, कार्यक्रम के अतिथि के रूप में चंद्रलेखा गुप्ता, अनिता साहू, श्रद्धा ठाकुर, भावना गुप्ता, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना से शुभारंभ हुआ, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज, परिवार एवं विविध क्षेत्रों में नारी का योगदान एवं प्राचीन काल में समाज को दिशा निर्देश करने में हमारे वीरांगनाओं का योगदान रहा है उसे स्मरण कर वर्तमान में मातृ शक्तियों को जागृत करना है, अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक परिवार में नारी का महत्वपूर्ण योगदान रहता है बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देने का कार्य एवं परिवार सहित समाज की जिम्मेदारी भी नारी संभालती है समाज निर्माण में नारी का योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में 200 माताएं उपस्थित रही, कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की दीदी अनिता जाधव, भारती जाधव, भुनेश्वरी साहू, टेकेश्वरी साहू, वैशाली शर्मा, बीनु देवंगन, विभा सेन, वीणा साहू, दीप्ति साहू, ओमकुमारी साहू, महेश्वरी साहू, वनिता साहू, मोनिका देवांगन, अंजली साहू, जामनी साहू, साहित विद्यालय संचालन समिति एवं विद्यालय के समस्त आचार्य दीदी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## फिंगेश्वर कृषि छात्रों ने रावे कार्यक्रम में किसानों को सिखाया बोर्डो पेस्ट बनाना और लगाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, गरियाबंद में बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के छात्रों द्वारा ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम (रावे) के तहत ग्राम चैतरा में एक विशेष प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें किसा बलीराम खूंटे के खेत पर बोर्डो पेस्ट तैयार करने और लगाने की तकनीक का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य स्थानीय किसानों को फफूंदीजनित रोगों की रोकथाम के लिए सरल एवं प्रभावी वैज्ञानिक विधियों से परिचित कराना थाय



प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों ने कॉपर सल्फेट, चूना और पानी की उचित मात्र के साथ मिश्रण की सही प्रक्रिया को विस्तार से समझाया और पेस्ट को पौधों के तने पर सटीक रूप से लगाने की विधि का अभ्यास कराया। इसके साथ ही फफूंदीनाशकों के उपयोग, उनके लाभ तथा आवश्यक सावधानियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित किसानों ने बोर्डो पेस्ट को तना सड़न, छाल रोग तथा अन्य फफूंदीजनित समस्याओं के प्रबंधन में अत्यंत उपयोगी और व्यवहारिक तकनीक बताया और इसकी सराहना की। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम (रावे) के समन्वयक लेखराम वर्मा द्वारा आयोजित किया गया। सहसमन्वयक डॉ. अविनाश गौतम तथा पौध रोग विभाग की अतिथि शिक्षिका डॉ. सरोज मिश्रा के सहयोग और मार्गदर्शन से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्रछात्राओं ने बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया, जिससे समस्त कार्यक्रम में जीवंतता और सकारात्मकता का संचार हुआ। किसानों ने कहा कि ऐसे मैदानी प्रदर्शन वैज्ञानिक तकनीकों को समझने व अपनाने में विशेष रूप से सहायक सिद्ध होते हैं और भविष्य में भी इसी प्रकार के अभ्यास की अपेक्षा रखते हैं।



## फिंगेश्वर कृषि महाविद्यालय की टीम पूर्वी क्षेत्र खेल प्रतियोगिता के लिए रायपुर रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा 1921नवंबर2025 को कृषि महाविद्यालय, रायपुर में आयोजित होने वाली अंतरमहाविद्यालयीन "पूर्वी क्षेत्र खेल प्रतियोगिता 2025" में भाग लेने के लिए कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, फिंगेश्वर गरियाबंद से 40 प्रतिभागियों का एक दल गठित किया गया है जिसमें 26 छात्र एवं 14 छाताएं हैं,जो अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में 18नवंबर शाम को कृषि महाविद्यालय फिंगेश्वर, गरियाबंद से रायपुर के लिए रवाना हुआ। इस टीम का प्रतिनिधित्व खेल प्रभारी सत्येंद्र पाटले एवं योगेश्वरी साहू कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता कृषि छात्रों में खेलकुशलता, टीम भावना और स्वास्थ्य जागरूकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है, जिसमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, टेबल टेनिस सहित विभिन्न खेल शामिल हैं।

## किसान आक्रोशित, समिति कर्मचारियों की हड़ताल से धान खरीदी व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

गरियाबंद जिले के छुरा विकास खण्ड के खड़मा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा के अंतर्गत आने वाले खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी के लिए फड़ प्रभारी एवं कंम्पयूटर आपरेटर की बेवस्था शासन द्वारा किया गया है लेकिन प्रभारी एवं आपरेटर के द्वारा किसानों का खरीदी गई धान अभी भी साफ्टवेयर में अपलोड नहीं कर पा रहे हैं। शासन के योजना अनुसार धान खरीदी 15 नवंबर से खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की गई है। धान खरीदी केंद्र सोरिद खुर्द में मंगलवार 18 नवंबर को सैकड़ों किसानों ने खरीदी केंद्र पहुंचे जहां किसानों ने देखा कि खरीदी केंद्र में आज तक कोई व्यवस्था नहीं होने से किसानों में भारी आक्रोश है। खरीदी केंद्र सोरिद खुर्द में रख रखाव साफ-सफाई एवं बिजली पानी आदि किसी का व्यवस्था नहीं है। जिससे किसानों भारी परेशानी हो रही है। जिससे धान खरीदी पुरी तरह प्रभावित हो गया है सहकारी समितियों के सभी कर्मचारियों का विशाल धरना प्रदर्शन को लेकर सभी कर्मचारी महासमुन्द मे चल रहे धरना प्रदर्शन में शामिल हो रहे हे, जिसके चलते खरिदी व्यवस्था चरमरा गई है।

#### धान खरीदी प्रभावित



सहकारी समिति संघ पूरा हड़ताल पर है उनकी 4 मांगे सुखत मान्य किया जाए, प्रबंधकीय अनुदान दिया जाए, पीडीएस दुकानों को अनुदान, ऑपरेटर को 12 माह नियमित कर विभाग तय किया जाए। इस मांग को लेकर महासमुंद में विशाल धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसमें छुरा ब्रांच के सभी कर्मचारी लगातार 16 दिनों से उपस्थित होकर आंदोलन कर रहे हैं जिसके चलते धान खरीदी पूरी तरह से प्रभावित है, और उचित मुल्य की दुकान भी बन्द है जिसके चलते किसानों एवं आम जनता को बहुत परेशानी हो रहा है। जिसको देखते हुए जनपद सदस्य पुष्पा लता सिन्हा, सरपंच चन्द्रहाश बरिया, उपसरपंच एवं भाजपा मंडल खड़मा अध्यक्ष हेमन्त सिन्हा सहित समस्त कृषकों ने मांग है। कि सहकारी कर्मचारियों की मांग पूरी की जाए जिससे धान खरीदी सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## एकलव्य मैनपुर के छात्रों ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण व रजत पदक

**मैनपुर।** एकलव्य विद्यालय मैनपुर के प्रतिभागियों ने चतुर्थ एकलव्य विद्यालयिन राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में तैराकी, शतरंज एवं योगा में भाग लिया यह प्रतियोगिता राउरकेला, उड़ीसा में 11 नवम्बर से 15 नवम्बर तक आयोजित की गई जिसमें कुमारी रेशमा सौ मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी, योगराज अंडर 14 शतरंज में स्वर्ण तथा ये सूर्या ने अडंर 19 में दो रजत पदक हासिल किया। बच्चों की उपलब्धि पर गरियाबंद जिला के कलेक्टर भगवान सिंह उईके एवं सहायक आयुक्त श्री भगत एवं शाला परिवार के सदस्य तथा पालक संघ ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की एवं शाला प्रशासन तथा खेल शिक्षक कुमारी प्रियंका, डाक्टर अशोक कुमार के प्रयास एवं मार्गदर्शन की भी सराहना की गई।



---

छात्रों ने सीखा वर्चुअल फार्माकोलॉजी प्रयोग

# आईएसबीएम यूनिवर्सिटी में फार्मेसी वीक के तहत कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम युनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस, फार्मेसी विभाग के द्वारा फार्मेसी वीक के अंतर्गत एंपावरिंग स्टूडेंट विथ नेक्स्ट जेनरेशन फार्मोकोलॉजी सिमुलेशन टूल्स फार स्मार्टर फार्मा लर्निंग विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। स्वागत भाषण में आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने कहा कि बच्चों को आज के आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ जुड़कर नवाचार एवं अनुसंधान को जोड़कर शिक्षण अध्ययन करना चाहिए। विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता डॉ. पी. विश्वनाथन ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी टेक्नोलॉजी से बने हुए दवाई, टीका उपभोग किया है और वह कैसे हमारे समाज के लिए लाभदायक है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री अभ्युदय डहरवाल, (फाउंडर आरजीपीटी सिमलैब इनफोटेक) ने प्रेजेंटेशन एवं कार्यशाला के माध्यम से वर्चुअल फ़ार्माकोलॉजी प्रयोग 3डी वातावरण में फार्माकोलॉजी के कई प्रयोग उपलब्ध, वर्चुअल एनिमल मॉडल और डिजिटल उपकरण, असली लैब जैसा अनुभव छात्रों को रोचकता प्रदान हुआ। इस कार्यक्रम से सभी बच्चों को साफ्टवेयर के विभिन्न टूल्स व टेक्नोलॉजी का ज्ञान मिला-फ़ार्मेसी कॉलेज शिक्षकों और छात्रों दोनों के लिए उपयोगी-100% सुरक्षित- बिना केमिकल और बिना एनिमल यूज़, लैब न होने पर भी कॉलेज प्रयोग करवा सकते हैं, प्रयोगों को कई बार दोहराया जा सकता है, किफायती और आधुनिक शिक्षा पद्धति, छात्र और शिक्षक दोनों मिलकर प्रयोग कर सकते हैं। डॉ. ओमप्रकाश साहू ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कार्यशाला का समापन किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन टिकेंद्र कुमार साहू बी फार्मा सप्तम सेमेस्टर से किया गया। कार्यक्रम में 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

#### क्विज कंपटीशन में काजल प्रथम



क्विज कंपटीशन में प्रथम स्थान काजल ध्रुव, द्वितीय स्थान समिता सुनानी, तृतीय स्थान यश शर्मा तीनों ही छात्र बी फार्मा सप्तम सेमेस्टर के हैं। तीनों को कार्यक्रम संयोजन श्री अश्वनी कुमार साहू के द्वारा सर्टिफिकट प्रदान किया गया। हमारे इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रमुखतः रूप से फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, डॉ. ओमप्रकाश साहू, प्रतिभा जायसवाल, डॉली यद्धु, विकास कुमार साहू, सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ. एनके स्वामी सभी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दिया गया एवं आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाएगा।

